प्रेषक,

अधिशासी अभियन्ता,
खण्ड कार्यालय,
उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण),
गोण्डा।

सेवा में,

जिलाधिकारी महोदया,
गोण्डा।

पत्रांक: 3105 / M-38 / 41 दिनांक: 09 /09/2026

विषयः– **दैनिक समाचार पत्र हिन्दुस्तान में डिजिटली माध्यम से प्रकाशित शीर्षक "भटपुरवा और देवरिया कला में जल जीवन मिशन की परियोजना अटकाः 90% काम पूरा, फिर भी घरों तक नहीं पहुंचा पानी" पर आख्या प्रेषण के सम्बन्ध में।**

महोदया,

उपरोक्त विषयक दैनिक समाचार पत्र हिन्दुस्तान में डिजिटली माध्यम से दिनांक 09.09.2026 को प्रकाशित खबर "भटपुरवा और देवरिया कला में जल जीवन मिशन की परियोजना अटकाः 90% काम पूरा, फिर भी घरों तक नहीं पहुंचा पानी" शीर्षक के सम्बन्ध में सादर अवगत कराना है जनपद के विकास खण्ड रूपईडीह की भटपुरवा–देवरिया कला ग्रामीण पाइप पेयजल योजना का निर्माण कार्य जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत फर्म मेसर्स के.एल.एस.आर.–रेज(जेवी.) द्वारा कराया जा रहा है। वर्तमान तक फर्म द्वारा पेयजल योजना पर नलकूप बोरिंग, पम्प हाउस, वितरण प्रणाली 23.23 किमी. के सापेक्ष 14.22 किमी. का कार्य पूर्ण कर लिया गया है तथा बाउण्ड्रीवाल 80% शिरोपरि जलाशय 60% पूर्ण एवं योजना में प्रस्तावित 691 नग गृहजल संयोजन के सापेक्ष वर्तमान तक 70 नग गृहजल संयोजन का कार्य किया जा चुका है। शेष कार्य प्रगति पर है। योजना के समस्त कार्यो को मार्च, 2027 तक पूर्ण कर ग्रामवासियों को शुद्ध पेयजलापूर्ति किया जाना प्रस्तावित है।

सादर सूचनार्थ प्रेषित।

भवदीय

अधिशासी अभियन्ता

पृ0सं0: / / दिनांक: /09/2026

प्रतिलिपिः– निम्नलिखित को सादर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. मुख्य अभियन्ता(ग्रामीण), उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), लखनऊ।
2. परियोजना प्रबन्धक, मेसर्स के.एल.एस.आर.–रेज(जेवी), गोण्डा को इस निर्देश के साथ प्रेषित कि भटपुरवा–देवरिया कला ग्राम पंचायत पेयजल योजना के अवशेष कार्यों प्राथमिकता के आधार पर मानक के अनुरूप पूर्ण कराना सुनिश्चित करें।

अधिशासी अभियन्ता

जल जीवन मिशन के तहत हर घर नल से पानी पहुंचाने के दावों के बीच भटपुरवा और देवरिया कला में बन रही पानी की परियोजना सवालों के घेरे में है। परियोजना की कुल लागत 3 करोड़ 69 लाख रुपए बताई गई है। इसमें करीब 1 करोड़ 58 लाख रुपए खर्च किए जाने का रिकॉर्ड बताया जा रहा है। वहीं, ग्रामीणों का कहना है कि परियोजना अभी तक पूरी नहीं हुई और उन्हें नियमित पानी की सप्लाई नहीं मिल रही है।


## रिकॉर्ड में 90% काम पूरा, सप्लाई अधूरी

परियोजना के रिकॉर्ड में करीब 90 प्रतिशत काम पूरा होने की बात सामने आ रही है। इसके बावजूद जमीन पर घरों तक नियमित पानी नहीं पहुंच रहा है। ऐसे में ग्रामीण सवाल उठा रहे हैं कि यदि परियोजना का 90 प्रतिशत काम पूरा हो चुका है तो पानी की सप्लाई अब तक क्यों शुरू नहीं हो सकी।

जल एवं स्वच्छता समिति की चेयरपर्सन ग्राम प्रधान निर्मला देवी हैं। ग्रामीणों ने परियोजना की प्रगति और खर्च की स्थिति की जांच की मांग की है।

वीडियो और देखें

Download App from
GET IT ON Google Play
Download on the App Store
Follow us on



पंचायत देवरिया कला में कुल 239 कनेक्शन दर्ज बताए गए हैं। इनमें माथेडीह में 55 और देवरिया कला में 184 कनेक्शन शामिल हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि रिकॉर्ड में कनेक्शन दर्ज होने के बावजूद कई घरों में पानी की सप्लाई नहीं मिल रही है।

## मौके और रिकॉर्ड की जांच की मांग

ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से परियोजना की मौके पर जांच कराने के साथ रिकॉर्ड की भी पड़ताल करने की मांग की है। उनका कहना है कि परियोजना पर खर्च हुई राशि, काम की वास्तविक प्रगति और सभी 239 कनेक्शनों का सत्यापन कराया जाए। ग्रामीणों के मुताबिक जांच के बाद ही रिकॉर्ड में किए गए दावों और जमीनी स्थिति का अंतर स्पष्ट हो सकेगा। उन्होंने मांग की है कि जांच में किसी तरह की गड़बड़ी सामने आने पर जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कार्रवाई की जाए और परियोजना को जल्द पूरा कराकर सभी घरों तक नियमित पानी की सप्लाई सुनिश्चित की जाए।

**दैनिक भास्कर को Google पर पसंदीदा सोर्स बनाएं ➔** +Follow us

## खबरें और भी हैं...

गोंडा में घाघरा की धार में डूबे खेत-घर, VIDEO: **30 गांव की 25 हजार आबादी बाढ़ से घिरी, खतरे के निशान से 49 सेंटीमीटर ऊपर पहुंची**



मेष

**मेष | Aries**

पॉजिटिव- इस समय अपनी कार्यप्रणाली में बदलाव लाने से दिनचर्या व्यवस्थित होगी और आप अन्य गतिविधियों पर भी ध्यान दे पाएंगे। राजनीतिक क्षेत्र में महत्वपूर्ण लोगों से

और पढ़ें

Advertise with Us | DB Reporter | Sitemap | Terms & Conditions and Grievance Redressal Policy | Contact Us | RSS | Cookie Policy | Privacy Policy

Our Divisions

**DainikBhaskar.com**

**DivyaBhaskar.com**

**BhaskarEnglish.in**

**DivyaMarathi.com**

**MoneyBhaskar.com**

**BhaskarAd.com**

Copyright © 2024-25 DB Corp ltd., All Rights Reserved

This website follows the DNPA Code of Ethics.